51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र    पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)    डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24    Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 16.6°c    अधिकतम 30.7 °c

**आज की अमृतवाणी**

कभी फुर्सत में अपनी कमियों पर गौर करना दूसरों का आईना बनने की ख्वाहिश मिट जाएगी।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी और कांग्रेस ने अपनी व्यक्तिगत लड़ाई को, लोकतंत्र की लड़ाई बना दिया है : ज्योतिरादित्य



हल्ला तो खूब है मगर जनता का नहीं है........

सूर्योदय : 6:03, सूर्यास्त : 6:40    वर्ष : 51/ अंक : 94    बृहस्पतिवार, 06 अप्रैल 2023    चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा    सम्वत् 2080    मूल्य 3    पृष्ठ-8






51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 51/ अंक : 94 | बृहस्पतिवार, 06 अप्रैल 2023 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 | पृष्ठ-2

## दो दिन यहां रहेगी पार्किंग, मेरठ रोड रहेगा वन वे

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** नुमाईश ग्रांउण्ड में आयोजित होने वाले पशु महोत्सव और प्रदर्शनी एवं किसान प्रशिक्षण मेले के दृष्टिगत मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। इसके तहत छह और सात अप्रैल को दो दिन यातायात व्यवस्था को लेकर निर्देश जारी करते हुए समस्त आमजन से अपील की गई है कि ट्रैफिक एडवायजरी का पालन कर असुविधा से बचें। एसपी यातायात ने बताया कि पशु मेला में आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था जीआईसी मैदान और इंटर कॉलेज में की गई है। ट्रैक्टर ट्रॉलियों को गन्ना संस्थान मेरठ रोड पर पार्क किया जा सकेगा। शामली रोड से आने वाले वाहन पीनना बाईपास से वहलना चौक, सुजडू और सरकुलर रोड होते हुए निर्धारित स्थान पर पार्क किए जाएंगे। पशुमेला के चलते मेरठ रुड़की रोड पर सुजडू चुंगी से मीनाक्षी चौक की ओर पटरी की तरफ एकल मार्ग पर ही यातायात का संचालन होगा। सामान्य आवागमन के लिए सरकुलर रोड के प्रयोग की सलाह दी गई है।

# भगवान बाला जी की अगवानी को जगमग शहर

## ▸ रंग बिरंगी रोशनी से दिवाली जैसा नजारा, आज सभी स्कूल कॉलेज रहेंगे बंद

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** रोशनी से जगमगाया शहर और भगवानबाला जी की अगवानी के लिए जगह-जगह तोरण द्वार और फहराती हनुमत पताकाएं तथा तमाम स्थानों पर विभिन्न पकवानों के भंडारे और बाला जी की महिमा का गुणगान करने के लिए डीजे लगाने की तैयारी। कुछ ऐसे माहौल में शहरवासी उत्तर भारत की ऐतिहासिक यात्रा में स्वर्ण रथ पर आ रहे भगवान बाला जी के स्वागत के लिए तैयार हैं। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए तमाम लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। यात्रा के दृष्टिगत शहर के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

भगवान बाला जी जन्मोत्सव पर शहर केसरी नंदन के आतिथ्य के लिए सज चुका है। वैसे तो पूरे यात्रा मार्ग पर यात्रा के अभिनंदन के लिए तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और मार्ग पर जगमगाती रंगबिरंगी लाइटें दिवाली जैसा उत्सव मनाती दिख रही हैं। शिवचौक और टाउन हाल रोड पर बाला जी मंदिर के साथ इस मार्ग पर झिलमिलाती लाइटें आज शाम को जगमगाई तो जन्मोत्सव को लेकर लोगों के जोश की एक झलक देखने को मिल गई। नई मंडी और गांधी कॉलोनी के अलावा तमाम यात्रा मार्ग पर विशेष सज्जा की गई है। मार्ग पर तोरण द्वार सजाने के साथ हनुमत पताकाओं से सज्जा की गई है। शहर में वैसे तो तमाम स्थानों पर भगवान बाला जी के स्वागत का उत्साह है, लेकिन टाउन हाल रोड पर बाला जी मंदिर और इसके आसपास शोभा देखते ही बनती है। इस मार्ग पर कई स्थानों पर बड़े भंडारों के अलावा डीजे भी लगाए जा रहे हैं। बीती रात और आज रात कार्यकर्ता मार्ग सज्जा में जुटे रहे। इस दौरान तोरण द्वार बनाने के साथ ध्वज फहराने का कार्य किया गया। तमाम मंदिरों के अलावा अन्य स्थानों पर भगवान बाला जी की आरती उतारने के लिए भक्त तैयारी में जुटे हैं।

उत्तर भारत की विशाल धार्मिक यात्राओं में शुमार बाला जी जन्मोत्सव यात्रा कई किलोमीटर लंबी होने के साथ करीब सोलह से बीस घंटे में संपन्न होती है। यात्रा संयोजक प्रमुख उद्यमी भीम कंसल ने बताया कि प्रातः 7 बजे मंदिर में बालाजी महाराज का स्वर्ण श्रृंगार, छप्पन भोग व महाआरती के बाद बाबा बालाजी महाराज अपने स्वर्ण रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। यातायात की एकल एवं डिवाइडर की व्यवस्था को देखते हुए शोभायात्रा में शामिल होने वाली झांकियों व डीजे के आकार के साथ ध्वनि विस्तारक को नियंत्रित किया है। भगवान श्री बालाजी महाराज प्रातः 9 बजे स्वर्ण रथ पर विराजमान होकर मंदिर प्रांगण से चलकर नवीन मंडी स्थल, मुनीम कालोनी, जैन कन्या इंटर कॉलेज, बड़ा डाकखाना, गऊशाला रोड़, नन्दी स्वीट्स, पुरानी गुड मंडी रोड़ से पीठ बाजार, चौड़ी गली, बिन्दल बाजार, मेहता क्लब, वकील रोड, बड़ी धर्मशाला चौराहे से गऊशाला रोड, भोपा पुल, अंसारी रोड़ से मोतीमहल, सर्राफा बाजार, भगतसिंह रोड, शिवचौक, बालाजी चौक, थाना सिविल लाईन्स से गांधी कालोनी पुल, श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर, द्वारिकापुरी से होते हुए भोपा पुल के बराबर से वकील रोड, नई मंडी बिजलीघर से बड़ा डाकखाना होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न होगी।



## स्कूल कॉलेज रहेंगे बंद

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** भगवान बाला जी रथयात्रा को देखते हुए गुरुवार को नगर क्षेत्र के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने शिक्षण संस्थानों के समस्त प्रबन्धक तथा प्रधानाचार्यों को सूचित किया है कि कल छः अप्रैल को नगर क्षेत्र में श्रीबालाजी शोभायात्रा के कारण अत्यधिक भीड़ इकट्ठा होने के संभावना के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के समस्त स्कूल, बोर्ड के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को बंद रखा जायेगा। यदि कहीं कोई लिखित या प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन पहले से ही प्रस्तावित है, तो उसे सुरक्षा पूर्वक आयोजित कराया जाएगा। नगर क्षेत्र से बाहर के समस्त विद्यालय यथावत खुले रहेंगे।

## तालाब में डूबने से 5 पुजारी डूबे

**चेन्नई , 5 अप्रैल (एजेंसी)।** बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां धर्मलिंगेश्वर मंदिर के तालाब में डूबने से 5 पुजारियों की मौत हो गई। किसी की भी उम्र 24 साल से ज्यादा नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मूवरासमपेट में यह मंदिर है। यहां सुबह 10:30 बजे तालाब में एक धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। यहां 25 पुजारी तालाब में थे। इसी दौरान 3 पुजारी गहरे पानी में डूबने लगे। 2 पुजारी इन्हें बचाने के लिए गए। सभी की मौत हो गई। और उनकी मौत हो गई। मृतकों के नाम जी सूर्या (24), राघवन (22), राघवन (18), योगेश्वरन (23) और वनेश (20) हैं। इनकी बॉडी बरामद कर ली गई है।

# आज मुजफ्फरनगर देखेगा भारत के नम्बर वन पशु

▸ करनाल का वीरू, रोहतक का शक्ति, सोनीपत का विराट और सूर्या करेंगे कैटवॉक ▸ नुमाइश मैदान में दो दिवसीय राष्ट्रीय पशु मेले का आज केन्द्रीय मंत्री करेंगे उद्घाटन ▸ हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से देर रात तक मुख्यालय पहुंचते रहे उच्च नस्ल वाले पशु ▸ केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने शाम को नुमाइश पंडाल पहुंचकर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** देशभर के उच्च नस्ल के पशुओं का गुरूवार को मुजफ्फरनगर में मेला जुटेगा। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पुरुषोत्तम रूपाला देश के इस पहले पशु मेले का उद्धाटन करेंगे। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के नम्बर वन पशुओं को लेकर उनके पालकों के जिला मुख्यालय आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। रात में यहां रहने वाले पशुओं के चारे और उनके मालिकों के खानपान के समुचित प्रबंध किये गये हैं। मेले का यह आयोजन केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के प्रयासों से हो रहा है। मेले में पशुपालकों के साथ किसानों के भी बड़ी तादाद में पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें पशुओं का प्रदर्शन मंच पर किसी फैशन शो की भांति कराने का प्रबंध किया गया है। दिन भर अफसरों ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भागदौड़ की। बता दें कि केन्द्रीय पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से देश का पहला राष्ट्रीय पशु प्रदर्शनी और कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को देश में कृषि और दूध व्यवसाय के लिए प्रयोग हो रही उन्नत तकनीक तथा उच्च नस्ल के पशुओं के पालन की जानकारियों को एक साथ एक ही मंच के माध्यम से उपलब्ध कराना है। इस मेले में कृषि यंत्रों के क्षेत्र में काम कर रही नामचीन कंपनियों, उन्नत नस्ल के बीजों, उच्च नस्ल के नम्बर वन पशु, कृषि यंत्र और वैज्ञानिक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण के साथ ही जानकारी मुहैया कराने के लिए देश के प्रमुख कृषि वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक भी अपना व्याख्यान देंगे। पशु प्रदर्शनी का आयोजन 6 और 7 अप्रैल को शहर के ऐतिहासिक नुमाइश मैदान पर किया जा रहा है। बुधवार को सवेरे जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, सीडीओ संदीप भागिया, नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, सीवीओ डॉ. दिनेश तोमर सहित अन्य अफसरों ने नुमाइश मैदान का निरीक्षण किया और तैयारियों को अंतिम रूप से परखा।

इस प्रदर्शनी में अपने अपने पशुओं की खासियत को प्रदर्शित करने के लिए देश के कई राज्यों के पशुपालक देश के नम्बर वन पशुओं की सूची में शामिल जानवरों को लेकर मुख्यालय पहुंचे। इन पशुओं को देखने के लिए वैसे तो गुरूवार को नुमाइश मैदान पर हुजूम उमड़ेगा, इनमें किसान और पशुपालकों के साथ ही आम लोग भी शामिल होंगे, लेकिन इस अनोखे और देश के पहले पशु मेले के उत्साह के कारण बुधवार की शाम से ही लोग यहां पहुंचने लगे थे। देर रात तक यहां पर मुख्य रूप से उच्च नस्ल वाले पशुओं में करनाल का वीरू, रोहतक का शक्ति, सोनीपत का विराट और सूर्या अपने मालिकों के साथ पहुंचे। इसके अलावा भैंस, गाय, बकरी, घोड़े और दूसरे उच्च नस्ल पशु भी यहां पहुंच गये थे। देर रात तक पशुपालन विभाग के सीवीओ तथा अन्य चिकित्सक इन पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन करने और उनको मंच पर पशुओं का कैटवॉक कराने की व्यवस्था को सम-ाने में जुटे रहे। वहीं किसानों, पशुपालकों और आम लोगों के लिए सुबह के नाश्ते और दोपहर के भोजन के लिए आज दिन से भट्टियां चढ़ी नजर आ रही थी। शाम के समय पशु प्रदर्शनी की तैयारियों का अंतिम रूप से जायजा लेने के लिए केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने भी नुमाइश मैदान का निरीक्षण किया और व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि पशु प्रदर्शनी का उद्धाटन केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला द्वारा किया जायेगा। गुरूवार को सवेरे नौ बजे से 12 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर गोवंशीय पशु, भैंस, भेड़ और बकरियों की प्रतियोगिता होगी, जबकि इसी समयावधि में सेमिनार हॉल में वैज्ञानिक संवाद तीन सत्रों में होगा। चौथे और अंतिम सत्र में कृषि वैज्ञानिक किसानों को उन्नत तकनीक की खेती के लिए आमंत्रित करते हुए जानकारियां प्रदान करेंगे। मुख्य अतिथि दोपहर बाद दो बजे आयेंगे। सात अप्रैल को समापन समारोह में गोवंशीय पशु और घोड़ों की प्रतियोगिता होगी। इसी दिन पशुओं को लाटरी के माध्यम से विजेता घोषित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ श्रीमोहन तायल, सुधीर सैनी आदि भाजपा नेता भी मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि डीआईओएस ने बताया कि कृषि पाठ्यक्रम के इंटर और डिग्री के छात्रों को अनिवार्य रूप से दो दिन नुमाइश मैदान में भेजने के निर्देश संबंधित प्रधानाचार्यों को दिए गए हैं।

## यूपी बोर्ड रिजल्ट जल्द आएगा

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की ओर से फिलहाल रिजल्ट को लेकर कोई आधिकारिक डेट की घोषणा नहीं की गई है। इसे लेकर जल्द ही सूचना भी जारी की जा सकती है। यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम अप्रैल 2023 के आखिरी सप्ताह तक आने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा मौजूदा समय में मूल्यांकन का काम पूरा होने के बाद छात्र परिणाम की औपचारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जल्द ही अंक यूपीएमएसपी पोर्टल पर अपलोड कर सकता है।

### रमज़ान-2023

**चौदहवां रोजा-06-04-2023**

| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
|---|---|---|
| 6:41 | | 6:53 |

**पन्द्रहवां रोजा-07-04-2023**

| सुन्नी | सहरी | शिया |
|---|---|---|
| 4:38 | | 4:35 |

## फोर्ब्स की अरबपतियों की लिस्ट में मुकेश अंबानी एशिया में सबसे अमीर

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स ने मंगलवार को दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट जारी की है। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 9वें स्थान पर रहे। उनकी अनुमानित संपत्ति 83.4 अरब डॉलर है। 2022 में 90.7 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ वे 10वें नंबर पर थे। एशिया में मुकेश सबसे अमीर बिजनेसमैन बन गए हैं। भारत के ही बिजनेसमैन गौतम अडाणी 24वें स्थान पर हैं।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक **श्री उत्तम चन्द्र शर्मा** ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
**उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## निकाय चुनाव : हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मांगी पिछड़ा आयोग की रिपोर्ट, सरकार रिपोर्ट की प्रति देने को तैयार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में एक याचिका दाखिल कर नगर निकाय चुनाव के संबंध में राज्य सरकार की तरफ से गठित यूपी स्टेट लोकल बॉडीज डेडीकेटेड बैकवर्ड क्लास कमीशन की रिपोर्ट सार्वजनिक न किए जाने का मुद्दा उठाया गया। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में उपस्थित अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कहा कि यदि याची ने प्रमुख सचिव, नगर विकास को रिपोर्ट की मांग सम्बंधी कोई प्रत्यावेदन दिया होगा तो उसे रिपोर्ट की प्रति अवश्य उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार की ओर से दिए गए इस आश्वासन के बाद कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने सत्यवती की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया। याची की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किये जाने के कारण 30 मार्च को जारी आरक्षण संबंधी अधिसूचना पर आपत्ति नहीं दाखिल कर सकी। राज्य सरकार द्वारा याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि यह याचिका एक छद्म याचिका है जिसे याची के नाम पर किसी और ने दाखिल कराया है। कहा गया कि याची अनपढ़ है जबकि उसकी तरफ से कथित तौर पर भेजा गया प्रत्यावेदन अंग्रेजी में है। इसका विरोध करते हुए याची के अधिवक्ता का कहना था कि याचिका के विरोध का यह कोई आधार नहीं है। कहा कि 30 मार्च की अधिसूचना पर आपत्ति के लिए अंतिम तिथि 6 अप्रैल नियत है, लिहाजा उसके पास आपत्ति दाखिल करने के लिए बहुत कम समय बचा है। इस पर सरकार की तरफ से मौजूद अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि यदि याची ने प्रक्रिया के तहत कोई प्रत्यावेदन भेजा होगा तो उसे पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



## हनुमान जयंती पर केंद्र की राज्यों को एडवाइजरी : माहौल बिगाड़ने वाली चीजों पर रखें नजर

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में रामनवमी पर हिंसा के बाद गृह मंत्रालय ने बुधवार को सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय ने कहा कि हनुमान जयंती पर शांति बनी रहे, इसके लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखें। हर ऐसी चीज पर नजर रखें, जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की आशंका हो। हनुमान जयंती 6 अप्रैल को है। उधर, कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी मंगलवार को बंगाल सरकार को इसी सिलसिले में निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा- अगर आपके पास पुलिस कम है तो आप केंद्र से फोर्स मांगिए। और केंद्र सरकार भी तुरंत आपकी अपील पर कदम उठाए। हमें लोगों की सुरक्षा करनी है। कोर्ट ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोई भी राजनीतिक शख्सियत या कोई नेता या आम आदमी गुरुवार को मनाए जाने वाले त्योहार को लेकर जनता या मीडिया के सामने कोई बयान नहीं देगा। कोर्ट ने राम नवमी पर हुई हिंसा का हवाला देते हुए सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा- आप कह रहे हैं कि कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। हमारे पास कुछ जजों के खत आए हैं। उन्होंने कहा कि उनके घरों के पास दंगा हो रहा है। तब क्या होगा, जब ऐसा ही माहौल कोर्ट परिसर के भीतर भी हो जाए। कुछ तो करना होगा। आप शोभायात्रा के रास्तों पर बैरिकेड्स लगाइए। पुलिस शांति मार्च निकाल सकती है ताकि लोगों को यह लगे कि वह सुरक्षित हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट में शिबपुर और रिशरा में हुई हिंसा पर एक रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि हनुमान जयंती के मद्देनजर राज्य में शांति बनाए रखने के लिए वह क्या कदम उठा रही है।









51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 51/ अंक : 94 बृहस्पतिवार, 06 अप्रैल 2023 चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा सम्वत् 2080 मूल्य 3


## राहुल अब सोनिया गांधी के घर रहेंगे, सरकारी बंगले से सामान भेजा जा रहा

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सरकारी बंगला छोड़ने के बाद सोनिया गांधी के घर (10 जनपथ) शिफ्ट होंगे। बुधवार को राहुल का सामान भी 10 जनपथ शिफ्ट किया जाने लगा है। वे जल्द ही यहां रहने लगेंगे। आपराधिक मानहानि केस में 23 मार्च को सूरत कोर्ट से उन्हें दो साल की सजा मिली थी, हालांकि उन्हें जमानत मिल गई। 24 मार्च को राहुल की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। 27 मार्च को उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। इसके बाद राहुल ने कहा था कि उनके सरकारी बंगले से उनकी कई अच्छी यादें जुड़ी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तब उन्हें अपने या सोनिया के बंगले में शिफ्ट होने का सुझाव दिया था।

## रायबरेली में स्वामी प्रसाद के खिलाफ मुकदमा, अखिलेश के सामने दिया था विवादित बयान

**रायबरेली, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** सोमवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांशीराम की मूर्ति का अनावरण किया था। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। वहीं जनसभा में सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के बोल बिगड़ गए। उन्होंने "मिले मुलायम-कांशीराम, हवा में उड़ गए..." के नारे लगवाए। इस दौरान जनसभा में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। स्वामी प्रसाद मौर्य का भाषण मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद हिन्दू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री मारुत त्रिपाठी की तहरीर पर स्वामी प्रसाद मौर्य के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।













# जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से मुजफ्फरनगर के गुड़ को मिला जी आई टैग

## -अब जनपद के गुड़ की मिठास होगी और भी ज्यादा मीठी





**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बुस.)।** जनपद मुजफ्फरनगर में ओडीओपी के अंतर्गत गुड को जिला प्रशासन ने गुड़ को चयनित किया गया था, जिसके बाद से ही जिला प्रशासन द्वारा गुड को जी आई टैग प्राप्त कराने हेतु अथक प्रयास किए जा रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप आज डीएम द्वारा बताया गया कि जनपद के गुड़ को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, जिसके बाद जनपदवासी अपने गुड़ की मिठास को पूरे भारत में पहुंचा सकते हैं। यदि सरल शब्दों में समझें तो जी.आई टैग एक प्रकार की मोहर है, जो किसी भी प्रोडक्ट के लिए प्रदान की जाती है। इस मुहर के प्राप्त हो जाने के बाद पूरी दुनियां में उस प्रोडक्ट को विशेष महत्व प्राप्त हो जाता है। साथ ही साथ उस क्षेत्र को सामूहिक रूप से इसके उत्पादन का एकाधिकार प्राप्त हो जाता है, लेकिन इसके लिए शर्ते हैं कि उस वस्तु का उत्पादन या प्रोसेसिंग उसी क्षेत्र में होना चाहिए, जहां के लिए टैग किया जाना है। जनपद के गुड़ को प्राप्त जीआई टैग की महत्ता- जी.आई.टैग (भौगोलिक संकेत) मुजफ्फरनगर की समृद्ध संस्कृति और सामूहिक बौद्धिक विरासत का हिस्सा बनेगा। मुजफ्फरनगर गुड़ का जी.आई.टैग गुणवत्ता का आश्वासन देता है। मुजफ्फरनगर गुड़ का जी.आई.टैग दर्शाता है कि यह गुड़ उत्पाद मुजफ्फरनगर से आता है। इस अधिकार का लाभ समुदाय/सामुदायिक संघ और रजिस्टर्ड उपयोगकर्ताओं को मिलेगा। मुजफ्फरनगर गुड़ का जी.आई.टैग बाजार के दायरे को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इससे निर्यात और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह अप्रत्यक्ष रूप से सतत विकास की ओर जायेगा। जी.आई.टैग मिलने के बाद अन्य लोगों द्वारा इसका अनधिकृत प्रयोग रूक जायेगा। यह मुजफ्फरनगर भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादित गुड़ प्रोडक्ट्स के उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगा। इससे मुजफ्फरनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ ही गरीब किसानों और कामगारों को भी संरक्षण प्राप्त होगा। इससे सबसे निचले स्तर के लोग भी लाभान्वित होंगे, जबकि ज्यादातर अन्य पहल में लाभ ग्रास रूट लेवल पर नहीं मिल पाता। जी.आई.टैग मुजफ्फरनगर गुड़ को बढ़ावा देकर एक आशा बहाल कर सकता है। इससे गन्ना कृषक और कृषि दोनों का विकास सम्भव है। जी.आई.टैग गुणवत्तापूर्ण गुड़ का उत्पादन सुनिश्चित करेगा। स्थानीय गुड़ की घरेलू बाजार के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भी कीमतों मे वृद्धि होगी। इस तरह निर्यात में भी वृद्धि होगी।



# बस स्टैण्ड हटाने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**भोपा, 05 अप्रैल (बु.)।** गांव स्थित बस स्टैण्ड के स्थान परिवर्तन को लेकर सीकरी गांव में लगातार रोष पनप रहा है। सैकड़ों महिलाओं ने इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया व तहसील अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या को रखकर बस स्टैण्ड को पूर्ववत स्थान पर ही बने रहने की फरियाद लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम सीकरी बस स्टैण्ड का स्थान परिवर्तन होने से नाराज महिलओं व पुरूषों ने प्रदर्शन कर बताया कि बस के दूर खड़े हो जाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीमार व बुजुर्गों को काफी दूर पैदल चलकर बस तक पहुंचना पड़ रहा है। सुनसान स्थान पर बस खडी होने से महिलाओं की सुरक्षा का खतरा उत्पन्न हो गया है। इसी सम्बंध में ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी जानसठ से शिकायत की गयी थी। बुधवार को जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार जसमेन्द्र सिंह, कानूनगो सुनील ने बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा किया, जहां ग्रामीण शफात नबी, मौ. दिलशाद, मौ. मूसा, शहजाद, कम्मू, सद्दाम, वकार, जव्वार, निशात, मौ. मुमस्सिल, गुल्लू, इसराईल, कसीम राजपूत, शब्बर हुसैन, नौशाद कुरैशी, नईम कुरैशी, इशरत अली, फुरकान, रिहान एडवोकेट, अरीना, शाईस्ता, आरती, नजीरा, उज्मा, गुलनाज, जीनत, शकीला, नाजिया, सुम्बुल आदि ने बताया कि अनावश्यक रूप से जनहित के विरूद्ध बस खड़े होने के स्थान को परिवर्तित कर जनभावनाओं को भडकाने का प्रयास किया गया, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बस को पुराने स्थान पर ही भेजकर ग्रामीणों की सुविधाओं व उनकी परेशानी को समझा जाये।



# शुकतीर्थ में गंगा धारा लाने को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**भोपा, 05 अप्रैल (बु.)।** शुकतीर्थ गंगा जी में मुख्य गंगा की धारा द्वारा जल वृद्धि को लेकर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उनके दिल्ली स्थित आवास पर एक प्रतिनिधिमंडल मिला। गंगा सेवा समिति के पदाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने केन्द्रीय मंत्री को शुकतीर्थ के विकास व अन्य समस्याओं से अवगत कराया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उनके दिल्ली स्थित आवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, बागपत सांसद सतपाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, श्री गंगा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अरूण गर्ग, महामंत्री डॉ. महकार सिंह मिले। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने केन्द्रीय मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमदभागत की उदगम स्थली शुकतीर्थ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर का सर्वाधिक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है। शुकतीर्थ स्थित गंगा में उत्तराखण्ड के लक्सर के पास बांध बन जाने से बाण गंगा में आने वाला जल प्रवाह रूक गया है। गंगा में जल न होने के कारण तीर्थयात्री व पर्यटक शुकतीर्थ की उपेक्षा करने लगे है। शुकतीर्थ के साधु संत एवं श्री गंगा समिति कई वर्षों से गंगा जल वृद्धि की मांग श्रद्धालु कर रहे हैं। जल प्रवाह की मांग निरंतर लगभग दस वर्षों से चल रही है। सरकारी उपेक्षा के चलते तीर्थवासी अत्यंत दुखी हैं। श्री गंगा सेवा समिति के सदस्य अशोक कंसल ने बताया कि 20 अक्टूबर 2022 को श्री गंगा सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय राज्य मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में आपसे मिला था। लेकिन पांच माह बीता जाने के बाद भी अभी तक कोई सार्थक कार्यवाही की जानकारी नहीं हुई है। तीर्थ के साधु संतों एवं भक्तों में भारी रोष है। जल प्रवाह की निरंतर लगभग दस वर्षों से चल रही है सरकारी उपेक्षा के चलते तीर्थवासी अत्यंत दुखी है।

## राष्ट्रपति के हाथों अखिलेश यादव ने ग्रहण किया सम्मान

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा यह सम्मान नेता जी के बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ग्रहण किया। राष्ट्रपति भवन में सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

बताया जा रहा है कि अखिलेश परिवार के साथ दिल्ली पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह आदि भी मौजूद रहे। पद्म पुरस्कारों में नेता जी के नाम की घोषणा का जहां समाजवादी पार्टी ने स्वागत किया था, वहीं उन्हें भारत रत्न दिए जाने की मांग भी उठाई थी। सपा नेताओं ने कहा था कि मुलायम का कद इससे बड़ा है और उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए।

मुलायम की पुत्रवधू सांसद डिंपल यादव ने भी कहा था कि नेताजी का सम्मान पहले ही हो जाना चाहिए था।

आने वाले समय में हमारी सरकार से मांग रहेगी कि उन्हें भारत रत्न दिया जाए। उधर सपा प्रवक्ता आईपी सिंह ने ट्वीट कर कहा था कि धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' को छोड़कर दूसरा कोई सम्मान नहीं फबता है।

# एसडीएम की रोक, रात में चल रही टायर फैक्ट्री

**-फैल रहा कोरोना, निकल रहा टायर फैक्ट्री से धुआं**
**- दो दिन पूर्व एसडीएम ने बंद कराई थी टायर गलाने की फैक्ट्री**
**- संबंधित विभागों की एनओसी अन्य कागज दिखाने के दिए थे निर्देश**

**कैराना, 05 अप्रैल (बु.)।** दरअसल गांव मामौर के पास पिछले काफी समय से टायर व रबड गलाने की फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले धुएं से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा हैं। इतना ही नही यमुना की जल धारा भी बराबर से बह रही है, यहां पर भी आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और गंदा पानी यमुना की जलधारा में छोड़ दिया जाता है, जिससे कई बार यमुना का पानी काला हो गया था। हालांकि ग्रामीणों की शिकायत पर कैराना एसडीएम शिव प्रकाश यादव ने दोनों फैक्ट्रियों को बंद कराते हुए संबंधित विभागों की एनओसी व अन्य कागज दिखाने के निर्देश दिए थे। वहीं रोक के बावजूद भी रात्रि में फैक्ट्रियां चलाई जा रही हैं, जहां पर टायरों व रबड़ जलने के कारण निकलने वाले धुएं से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं। पिछले काफी समय से गांव मामौर के पास पुराने टायर व रबड़ गलाने की दो फैक्ट्रियां संचालित की जा रहीं हैं। फैक्ट्रियों में दिन-रात प्रदूषण व उद्योग विभाग के मानकों के विरुद्ध टायर जलाए जाते हैं, जिस कारण फैक्ट्रियों से जहरीला धुआं निकलता हैं। धुआं आसपास के वायु प्रदूषण को खराब करने के साथ ही गांव मामौर के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा हैं। पिछले दिनों शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर ग्रामीणों ने एडीएम संतोष कुमार को शिकायत करते हुए उक्त फैक्ट्रियों को बंद कराने की गुहार लगाई थी। दो दिन पूर्व एसडीएम शिव प्रकाश यादव ने मौके पर पहुंचकर फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया तथा दोनों फैक्ट्रियों को बंद कराते हुए संबंधित विभागों की एनओसी व अन्य कागज दिखाने के निर्देश दिए थे और फैक्ट्री को फि लहाल बंद करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही 9 बजे के बाद फिर से दोनों फैक्ट्रियों में टायर गलाने का कार्य शुरू कर दिया जाता हैं, जिस कारण फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहरीला धुआं वायु प्रदूषण बढ़ाता हैं तथा उन्हें सांस लेने में दिक्कत आ रही हैं। एसडीएम शिव प्रकाश यादव का कहना हैं कि दोनों फैक्ट्रियों के संचालकों द्वारा प्रदूषण विभाग सहित अन्य विभागों के कागज दिखाए गए हैं। संचालकों से प्रोसेसिस रिपोर्ट मांगी गई हैं तथा कागजों की गहनता से जांच कराई जा रही हैं। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएंगी।




# फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं हवा में घोल रहा जहर

**कैराना, 05 अप्रैल (बु.)।** बढ़ते कोरोना के मामले के बाद भी प्रशासन, पूरी तरह फैल होता नजर आ रहा है, यहां फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं से जहां हवा में जहर घुल रहा है, वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर होता नजर आ रहा है। गांव गांव में लोग काले पीलिए सहित अन्य बीमारियों से ग्रस्त हैं। केन्द्र सरकार प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी कदम उठा रही हैं और प्रदेश में योगी सरकार भी विभागों को लेकर काफी सख़्त है और तरह तरह की योजना चलाकर लोगों को भी जागरूक कर रहे है। चूकि देश दुनिया ने कोरोना वायरस से जंग लड़ी है। अभी हाल में करोना वायरस खत्म भी नहीं हुआ और मामले फिर से तेजी के साथ बढ़ रहे हैं, तब भी विभाग के अधिकारी लापरवाह साबित हो रहे हैं और विभाग इसके प्रति उदासीन बने हुए हैं। अगर गांव मामौर में संचालित फैक्ट्रियों को प्रदूषण विभाग अन्य विभागों की ओर से एनओसी दी गई हैं तो आखिर किस आधार पर एनओसी दी गई, क्योंकि दोनों फैक्ट्रियां एक ही गांव के पास ही लगाई गई हैं, जिनमें में मानकों के विरुद्ध कार्य किया जाता हैं। फैक्ट्रियों का काला धुआं क्षेत्र की हवाओं में जहर घोल रहा हैं। काफी समय से गांव मामौर के पास पुराने टायर व रबड़ को गलाकर काला तेल निकालने का गोरखधंधा चला हुआ हैं। शासन प्रशासन मौन बैठा हैं। यहां पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। फैक्ट्रियों की चिमनियों से निकलने वाला काला धुआं वायु प्रदूषण फैला रहा हैं। जिससे ग्रामीणों में सांस सम्बंधी बीमारियां फैल रहीं हैं।







# पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह का किया भव्य स्वागत

मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)। पशु महोत्सव और प्रदर्शनी एवं किसान प्रशिक्षण मेले में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह यहां पहुंचे। उनके मुजफ्फरनगर आगमन पर सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस पर बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, अचिंत मित्तल, राहुल गोयल, सुषमा पुंडीर, रेणु गर्ग, रक्षित नामदेव, बिजेंद्र पाल,साधना सिंघल, राहुल वर्मा, अंजलि चौधरी, अखिलेश शर्मा, पिंटू त्यागी,हैप्पी शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# अशोक नहीं चंद्र गुप्त थे महान: सुधांशु त्रिवेदी



**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** नगर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य अभिषेक जैन ने भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। अभिषेक जैन तथा उनके साथी आज दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी से उनके आवास पर मिले। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताते हुए कहा कि इस दौरान राज्यसभा सदस्य तथा भाजपा के पूर्व महासचिव अनिल जैन भी उपस्थित थे। इस दौरान ज्योतिष और राजनीति पर चर्चा हुई। सुधांशु ने बताया कि सेक्यूलर जमात और अंग्रेजों ने अशोक को महान बताया। इसके जरिए शुत्र के सामने हथियार डालने की मानसिकता हम पर थोपने की कोशिश की गई। जबकि महान चंद्रगुप्त थे, जिन्होंने देश की सीमा अफगानिस्तान में खड़े होकर सेल्यूकस की सेना को भारत से बाहर खदेड़ दिया।

वह ऐसे चक्रवर्ती राजा थे, जिनका साम्राज्य पूरे आर्यवृत्त में था और उनके गुरू ब्राह्मण थे तथा उनका राज्याभिषेक जैन परंपरा से हुआ था।

# विक्की त्यागी के बेटे ने कोर्ट में किया सरेंडर

**मुजफ्फरनगर, 5 अप्रैल (बु.)।** गैंगस्टर एक्ट के आरोपी कुख्यात विक्की त्यागी के बेटे अर्पित त्यागी ने चोरी-छिपे कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए गैंग बनाने के आरोप में अर्पित त्यागी पर गैंग बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में थाना चरथावल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। गैंगस्टर अर्पित त्यागी नियाजी पुरा निवासी समरजहां हत्याकांड में जेल जा चुका है। दो दशक तक क्राइम की दुनिया पर राज करने वाले कुख्यात विक्की त्यागी उर्फ विक्रांत त्यागी की 16 फरवरी 2015 को कोर्ट रूम में गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। विक्की त्यागी की हत्या के बाद गैंग की कमान उसकी पत्नी मीनू त्यागी ने संभाल ली थी। मीनू त्यागी हत्या के एक मामले में जिला जेल में उम्र कैद काट रही थी, लेकिन 1 साल पहले मीनू त्यागी का प्रशासनिक आधार पर जिला जेल से अंबेडकर नगर जेल स्थानांतरण किये जाने के बाद जिले में आपराधिक गतिविधियों का संचालन उसके बेटे अर्पित त्यागी और रक्षित त्यागी कर रहे थे। थाना चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि 28 मार्च को उन्होंने विक्की त्यागी के बेटे के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया कि विक्की त्यागी के बेटे रक्षित त्यागी ने आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए एक गैंग बनाकर अपराधिक गतिविधियां करना शुरू कर दिया था। उसके गैंग में भाई अर्पित त्यागी, रितिक और एक अन्य व्यक्ति विनोद था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले पंजाब के मोहाली से रितिक को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि पुलिस अर्पित त्यागी की तलाश में जुटी थी। बताया कि पुलिस कार्रवाई से बचे हुए अर्पित त्यागी ने बुधवार को विशेष गैंगस्टर कोर्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। गैंगस्टर में नियुक्त किए गए विक्की त्यागी के बेटे अर्पित त्याही ने करीब 3 साल पहले देहरादून में मुजफ्फरनगर निवासी समर जहां की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अर्पित त्यागी को जेल जाना पड़ा था।

# शाहपुर में फिर भीषण सड़क हादसा : एक की मौत, दूसरा गंभीर

## -किनौनी में सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई मोटरसाइकिल

**शाहपुर, 5 अप्रैल (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गत् 1 अप्रैल को भीषण हादसे में जहां शाहपुर कस्बे के भाजपा नेता राजकुमारी कौरी एवं रोहित गोस्वामी की दुःखद मौत हो गई थी, वहीं आकाश गिरी गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद काकड़ा में एक के बाद एक तीन सड़क हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना बुधवार रात करीब 8:00 बजे की है। बागपत क्षेत्र के गांव बामनौली निवासी 28 वर्षीय अरुण पुत्र दलवीर अपने रिश्तेदार गांव सांझक निवासी विजय पुत्र राजकुमार 22 वर्ष के साथ वापस गांव लौट रहा था। किनौनी गेट के पास ओवरलोड डंपर सड़क किनारे खड़ा था, जिसमें उनकी बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना में अरुण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसका साथी विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। विजय को हायर सेंटर रैफर किया गया है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी विनय शर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। शाहपुर क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोगों में भय का वातावरण व्याप्त है। गौरतलब है कि 1 वर्ष पूर्व इसी प्रकार मुजफ्फरनगर बहुत मार्ग पर हादसे ही हादसे होते रहे थे, जिसके बाद लोगों को हवन यज्ञ कराना पड़ा था।










# अनियंत्रित होकर पलटा डीजल से भरा टैंकर

**-पुलिस के सामने ही टैंकर से निकला डीजल भरकर ले गए लोग**
**-टायर फट जाने के कारण टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया**
**-चालक की मदद करने के स्थान पर डीजल को लूटने में जुटी रही भीड़**

**मीरापुर, 05 अप्रैल (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग सैनी भट्टे के समीप डीजल से भरे टैंकर का अचानक टायर फट जाने से टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया,जिसके बाद डीजल सड़क पर बिखर गया तथा लोग सड़क पर बिखरे डीजल को पुलिस के सामने ही भरकर अपने घर ले गए। इस दौरान यातायात अवरुद्ध हो गया। बुधवार को नजीबाबाद निवासी सोमप्रकाश पुत्र पूरन सिंह टैंकर में करीब 12000 लीटर डीजल नजीबाबाद डिपो से लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था। जैसे ही टैंकर मीरापुर क्षेत्र में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर पड़ने वाले सैनी भट्टा तिराहे पर पहुंचा, तो अचानक टैंकर का टायर फट गया। टायर फट जाने के कारण टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही ट्रक में भरा डीजल सड़क पर बिखर गया, जिससे यातायात अवरुद्ध हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। वहीं सड़क पर डीजल बिखरा देख आसपास के ग्रामीण केन, बाल्टी व अन्य बर्तन लेकर मौके पर पहुँच गए और टैंकर से निकल रहे डीजल व बिखरे डीजल को भरकर अपने घर ले गए।

लोग टैंकर चालक की मदद करने के स्थान पर डीजल भरकर ले जाने में जुटे रहे। पुलिस की मौजूदगी में लोग डीजल इकट्ठा कर ले जाते रहे। घण्टों बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को मार्ग से हटवाया तथा यातायात सुचारू कराया। टैंकर पलटने के बाद पुलिस मौके पर पहुँच गई और यातायात सुचारू कराने के प्रयास में जुट गई। इस दौरान भीड़ ने पुलिस के सामने ही टैंकर से पलटा डीजल जमकर लूटा, भीड़ मानवता दिखाकर चालक की मदद करने के स्थान पर डीजल को लूटने में जुटी थी।इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

# सुनील राठी गैंग का गुर्गा मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार

**देहरादून, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** हरिद्वार के कनखल निवासी व्यक्ति से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में एसटीएफ ने सुनील राठी गैंग के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। मुजफ्फरनगर के रहने वाले इस बदमाश के खिलाफ हत्या, रंगदारी और गैंगस्टर जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। इस मामले में एक आरोपी को पहले भी पिस्तौल और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि गत 13 फरवरी 2023 को कनखल हरिद्वार निवासी रविकांत मलिक ने थाना सिडकुल में तहरीर दी थी कि उनके भाई का नवोदय नगर रोशनाबाद में प्लॉट है। कुछ लोग उस पर कब्जा करना चाहते हैं। उनके भाई अमरकांत मलिक को जान से मारने की धमकी देते हुए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने कुख्यात बदमाश सुनील राठी, नीरज मलिक, प्रदीप राठी, रोहताश, विपिन राठी और सुशील गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना एसटीएफ के सुपुर्द की गई थी। एसटीएफ ने फरवरी में बदमाश सुशील गुर्जर को गिरफ्तार किया था। इसके पास से एक पिस्तौल, दो मैग्जीन, 10 कारतूस, एक बुलेट प्रूफ स्कॉर्पियो कार और घटना में इस्तेमाल किए गए मोबाइल व सिम बरामद हुए थे। अब इस मामले में मंगलवार को कुख्यात सुनील राठी गैंग के सदस्य अजीत खोखर निवासी ग्राम मखियाली मुजफ्फरनगर को उसके घर से गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि जांच में सामने आया कि अजीत खोखर ने शिकायतकर्ता रविकांत मलिक के भाई को धमकी भरे मैसेज भेजने और काल करने के लिए इस्तेमाल सिमकार्ड उपलब्ध कराया था। बदमाश की गिरफ्तारी के लिए इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राणा और एसआई उमेश कुमार की देखरेख में टीम भेजी गई थी।

## खानपुर बॉर्डर पर मुठभेड़ में भोपा का बदमाश घायल

**रुड़की, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** रुड़की में खानपुर बॉर्डर पर बुधवार रात पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बताया जा रहा है कि चेकिंग के दौरान यूपी की ओर से बाइक पर आ रहे बदमाशों को पुलिस ने रोकना चाहा। जिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी।

पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लग गई। उसे रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि एक बदमाश गिरफ्तार हो चुका है। दूसरे बदमाश की पुष्टि की जा रही है। मुठभेड में घायल एक बदमाश नीरज पुत्र धीर सिंह भोपा मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। वह मर्डर, डकैती और मुठभेड़ के करीब आठ मुकदमों में आरोपी है।

## हरियाणा भाग गया असद! सटीक लोकेशन नहीं मिलने से पुलिस छान रही खाक

**मेरठ।** उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटरों की तलाश में पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है। असद और उसके अन्य साथियों की सटीक लोकेशन न होने के कारण पुलिस और एसटीएफ खाक छान रही है। एसटीएफ के पहुंचने से पहले ही आरोपी भाग निकलते हैं। अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या के बाद फरार अतीक अहमद के बेटे असद की पुलिस और एसटीएफ को सटीक लोकेशन नहीं मिल रही है। पुलिस ने कई ऐसी जगहों पर छापेमारी की है, जहां असद समेत बाकी शूटरों ने शरण ली थी। एसटीएफ के पहुंचने से पहले वे दूसरे ठिकाने की ओर निकल चुके थे। एक बार दावा किया गया कि वह कारोबारी की मदद से नेपाल में छिप गया है, अब बताया जा रहा है कि प्रयागराज में शूटआउट के बाद भागे असद ने मेरठ में अपने करीबी रिश्तेदार के यहां शरण ली थी। फिर वह हरियाणा की तरफ चला गया। सुलेम सराय में जीटी रोड पर फरवरी को उमेश और दोनों गनर की हत्या के बाद अतीक के बेटे असद समेत फरार हुए शूटर गुड्डू मुस्लिम, गुलाम, साबिर, अरमान को सवा महीने बाद भी पुलिस और एसटीएफ की एक दर्जन से ज्यादा टीम पकड़ नहीं पा रही हैं।

## काशी-उज्जैन की तर्ज पर बनेगा हरकी की पैड़ी और ऋषिकेश कॉरिडोर

**देहरादून, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** काशी विश्वनाथ व उज्जैन महाकाल कॉरिडोर की भांति हर की पैड़ी हरिद्वार व ऋषिकेश कॉरिडोर बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें इस योजना से अवगत करा दिया है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चमोली जिले के मूसा पानी स्थल को विकसित किए जाने की जानकारी भी पीएम को दी। इस स्थान को गुजरात के नडाबेट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। नई दिल्ली में हुई मुलाकात में सीएम धामी ने पीएम मोदी को राज्य की नई पर्यटन नीति की जानकारी दी।





## बिना लाइसेंस के अनट्रेंड चालक चला रहे ई-रिक्शा,आये दिन कर रहे हादसे

**-भरे बाजार में ई रिक्शा चालक ने महिला को टक्कर मार काफी दूर तक घसीटा**

**मीरापुर, 05 अप्रैल (बु.)।** मीरापुर में ई-रिक्शा एक तरफ जहाँ जाम का कारण बन रही हैं, वहीं इन रिक्शाओं को बिना लाइसेंस के चला रहे अनट्रेंड चालक प्रतिदिन हादसे कर रहे हैं, जिसमें प्रतिदिन कोई न कोई घायल हो जाता है। मंगलवार की शाम एक अनट्रेंड चालक ने सड़क किनारे खड़े सब्जी वाले को टक्कर मारकर एक महिला के ऊपर ई-रिक्शा चढ़ा दी तथा महिला को काफी दूर तक घसीट कर ले गया, जिसमें महिला गम्भीर घायल हो गई। मीरापुर थानाक्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला निवासी महिला कमला पत्नी किरण सिंह मीरापुर में बाजार से खरीदारी कर वापस अपने गाँव वापस जा रही थी। इसी दौरान मैन चौक बाजार में पुराने डाकघर के निकट पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ई-रिक्शा ने सड़क किनारे ठेली पर सब्जी बेच रहे युवक को टक्कर मारते हुए महिला कमला के ऊपर ई-रिक्शा चढ़ा दी, जिससे महिला सड़क पर कई फीट घिसटते हुए चली गई तथा गम्भीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने उसे चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया। बता दे कि मीरापुर के बाजार में जाम का मुख्य कारण ई रिक्शा बनी हुई है, जिस कारण नागरिकों का बाजार से निकलना भी दूभर है तथा इन ई-रिक्शाओं पर मीरापुर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है। इन पर अंकुश न होने के कारण इनके अनट्रेंड चालक बिना लाईसेंस के ई-रिक्शाओं को बेखोफ होकर बाजारों में चला रहे है, जो कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकती है।

# शाहपुर क्षेत्र में 5:15 करोड़ की लागत से बनेगी पानी की टंकी

**-शाहपुर क्षेत्र के गांव चांदपुर में डॉक्टर संजीव बालियान एवं उमेश मलिक ने किया शिलान्यास एवं लोकार्पण**

**शाहपुर, 05 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव चांदपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री व पूर्व विधायक ने पांच करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया तथा नौ लाख रुपये की लागत से बने बारात घर का लोकार्पण किया। क्षेत्र के गांव चांदपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान व पूर्व विधायक उमेश मलिक ने गांव चांदपुर व बसधाडा में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए पांच करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का शिलान्यास किया। इसके अलावा नौ लाख रुपये की लागत से गांव पर बने नव निर्मित बारात घर का लोकार्पण किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के शासनकाल में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और अपराधों पर अंकुश लगने के साथ अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर जल देने की योजना के अंतर्गत गांव में पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों व किसानों से आहवान किया कि सभी जनपद मुख्यालय पर गुरुवार व शुक्रवार को आयोजित होने वाले पशु प्रदर्शनी एवं कृषि मेला में अवश्य शामिल हो। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों ने हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई है। सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल व संचालन गांव प्रधान डॉ. कुलदीप त्यागी ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, मंडल अध्यक्ष एकांश त्यागी, सुनील त्यागी, मोनू त्यागी, जसवंत सिंह बालियान, जोनू त्यागी, दिलशाद त्यागी, नीटू त्यागी, संजय त्यागी व प्रभात तोमर आदि मौजूद रहे।









## मामौर झील की मेड़ टूटी, फसलें जलमग्न

**-इससे पूर्व भी कई बार झील की मेड टूटने से किसानों का नुकसान हो चुका**

**कैराना, 05 अप्रैल (बु.)।** पानी के अधिक दबाव के कारण मामौर झील की मेड टूट गई, जिसके बाद किसानों की तैयार गेहूं, ईख व सरसों की फसल पूरी तरह डूब गई। किसानों ने प्रशासन से फसलों का मुआवजा देने की मांग की हैं। मामौर झील में पानी का अधिक दबाव बढ़ने के कारण बुधवार सुबह झील के किनारे पर बनाई गई मिट्टी की मेड टूट गई। मेड टूटने के बाद झील का गंदा पानी किसान विनोद, महमूद, सुरेंद्र, रफीक, अजमु, पप्पू, मुकेश, बासा, साना, बबलू, शकूर व इसराइल आदि की सैकड़ों बीघा गेहूं, सरसों व ईख की फसलों में घुस गया। किसानों ने बताया कि सभी फसलें पानी में पूरी तरह डूब गई हैं। किसानों का कहना हैं कि उनकी गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई थी, लेकिन झील के पानी ने फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। किसानों ने प्रशासन से झील के के कारण डूबी फसलों की जांच कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की हैं।



## भोकरहेड़ी में हुआ श्री बालाजी शोभायात्रा का स्वागत, भक्तों ने की पुष्पवर्षा

**भोपा, 05 अप्रैल (बु.)।** हनुमान जयन्ती के अवसर पर श्री बालाजी महोत्सव का आयोजन भोकरहेड़ी में किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा बैंडबाजो के साथ निकाली गयी, जिसमें सुन्दर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कस्बा भोकरहेड़ी में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली श्री बालाजी शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाबूचर सिद्धपीठ कुटी के महन्त स्वामी धर्मदास महाराज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कर किया गया, जिसके उपरान्त भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी ने फीता काटकर यात्रा को आरम्भ किया। सदर ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी द्वारा श्रीबालाजी रथ यात्रा का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। यात्रा का आरम्भ मौहल्ला बाजार स्थित श्री शिवशक्ति मन्दिर से किया गया, जिसके बाद शोभायात्रा मौहल्ला लोकुपुरा दक्षिणी, लोकुपुरा उत्तरी, बेहड़ापट्टी, नेहरू चौक, सुभाष चौक, बस स्टैण्ड, कुआंपट्टी में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में दर्जनों सुन्दर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण खाटू श्याम भगवान की झाँकी रही। शोभायात्रा में सुन्दर परिधानों में सजे भक्तगणों ने बजरंग बली की जय व जय श्रीराम का उद्घोष किया। शोभायात्रा में कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों ने सहयोग प्रदान किया तो वहीं सुरक्षा को लेकर भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश चेयरमैन, जोगेन्द्र वर्मा, अजय कुमार, अर्जुन कुमार, चौ. ब्रजवीर सिंह, सन्दीप कुमार, मनोज कुमार, पं. रामकुमार शर्मा, प्रदीप निर्वाल, रामबीर सिंह, अश्विनी सहरावत, लाला महेश कुमार गर्ग, मुन्नालाल गर्ग, गौरव गर्ग, विनीत गोयल, मनीष गर्ग, लाला सत्यप्रकाश, कँवरपाल सिंह, आनन्दवीर सिंह, राहुल गर्ग, अम्बू, रविन्द्र शर्मा, रमेन्द्र शर्मा, देवराम भगत, हरेन्द्र सिंह, देवराम भगतजी, डॉ. अलीशेर अंसारी, नूर मौहम्मद मलिक, डॉ. अनिल कुमार, रवि आर्य, राजीव कुमार, अरुण सहरावत, विपुल गर्ग, मनोज पुजारी, सोनू पुजारी, शैंकी आदि उपस्थित रहे।

## बकायेदार भगोड़ा घोषित, तहसीलकर्मियों ने की जमीन की पैमाइश

**बुढ़ाना, 05 अप्रैल (बु.)।** कोर्ट देय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय मुजफ्फरनगर के बकायेदार गांव चंधेडी बुढ़ाना निवासी राजकुमार पुत्र सुशील कुमार को भगौड़ा घोषित होने के बाद अब उसकी चल अचल संपत्ति की नीलामी होगी। इसके लिए बुधवार के दिन दर्जनों तहसीलकर्मी पुलिस बल के साथ बुढ़ाना तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल के निर्देश पर स्थानीय ब्लाक के गांव चंधेड़ी में राजकुमार के यहां पर पहुंचे और उन्होंने उसकी चल अचल संपत्ति की नीलामी के लिए पेमाइश की।

इस दौरान पुलिस बल भी साथ रहा और किसी भी तरह का कोई भी विरोध देखने को नहीं मिला। नीलामी कब होगी, अभी इस बारे में नहीं बताया गया है। वैसे भगोड़े राजकुमार की चल अचल संपत्ति की नीलामी इसी माह में होनी बताई गई है।

## शाहपुर के सिद्धपीठ गोकुला देवी मंदिर में चतुर्दशी पर हजारों ने चढ़ाया प्रसाद

**शाहपुर, 05 अप्रैल (बु.)।** कस्बे के सिद्धपीठ मां श्री गोकुला देवी मंदिर में चतुर्दशी के पर्व पर कस्बे व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। चैत्र मास की चतुर्दशी पर कस्बे में स्थित सिद्ध पीठ मां श्री गोकुला देवी मंदिर में कस्बे व देहात के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। कस्बे में स्थित यह सिद्ध पीठ श्रद्धालुओं की आस्था व श्रद्धा का प्रतीक है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मन्नत पूरी होती है। मंदिर परिसर में उमेश मित्तल अनंत मित्तल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था बनाने में मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर शर्मा, सुरेंद्र जिंदल, उमेश गोयल, संदीप बंसल, अनमोल आदि का योगदान रहा। इसके अलावा कस्बे के शिव दुर्गा मंदिर में चतुर्दशी पर अरविंद गोयल प्रवीण गोयल द्वारा विशाल भंडारा आयोजित किया गया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन


**मीरापुर, 05 अप्रैल (बु.)।** श्री हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व श्री राधा कृष्ण पंचायती मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ का गुणगान किया। मंगलवार की देर शाम मंदिर परिसर में पंडित कैलाशचंद शर्मा ने हनुमानजी जी की ज्योत प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा का सामूहिक गुणगान प्रारंभ कराया, जिसमें मौजूद श्रद्धालुओं ने भक्ति में मग्न होकर श्री हनुमान बाला जी की चालीसा का गुणगान किया। इस दौरान मुख्यरूप से पं. कैलाशचंद शर्मा,अमित डागा, मनोज शर्मा,राकेश शर्मा,रोहित माहेश्वरी,रोहित डागा, पुनीत गोयल, अतुल अग्रवाल, संजीव गोयल आदि मौजूद रहे।

# श्री बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य रथ, बैंडबाजों, सहित भजन मंडली के साथ निकाली शोभायात्रा

**खतौली, 05 अप्रैल (बु.)।** श्री बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य रथ, बैंडबाजों, -ांकियों सहित भजन मंडली के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में उमड़े अपार जनसमूह से सम्पूर्ण नगर में धर्म की गंगा बहती नजर आयी। मिली जानकारी के अनुसार श्री बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा मीरापुर रोड स्थित राजेश फार्म से पूजा-अर्चना के पश्चात विधिवत प्रारम्भ हुई। यात्राा में भारी संख्या में शामिल राष्ट्रएकता से ओतप्रोत भव्य -ांकियां व सेना के पराक्र को प्रदर्शित दृश्य जहां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही, वहीं यात्रा में रामभक्त श्री हनुमान की विशाल -ांकी का अवलोकन कर भगवान की आरती उतारने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शोभायात्रा में शामिल राष्ट्रप्रेम की -ांकियों के साथ लगे डीजे पर राष्ट्रभक्ति व देश की अखण्ड्ता से ओतप्रोत गीतों पर जहां भारी संख्या में युवा वर्ग हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर नृत्य करते दिखायी पड़ रहे थे। वहीं शोभायात्रा में विख्यात भजन गायक राजकुमार एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजनों की धुनों पर श्रद्धालुगण भक्तिरस में डूबकर नृत्य कर रहे थे। नगर में निकली भव्य व विशाल श्रीबालाजी यात्रा के दौरान स्थान-स्थान पर समाजसेवी व धार्मिक लोगों के द्वारा खाद्यय सामग्री सहित शरबत, शीतल जल का वितरण कर श्रद्धालुओं की ह्रदय से सेवा करते हुए अदभुत मिसाल का दृश्य भी बना रहा। शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़ों पर सवार युवा वर्ग हाथों में केसरिया ध्वज लेकर यात्रा की अगुवानी करते चल रहे थे। वहीं, लगभग एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर सुसज्जित भव्य -ांकियां नगर के लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा भूड़ क्षेत्र से जानसठ तिराहा, महावीर कीर्ति स्तम्भ, वीर अब्दुल हमीद मार्ग होती हुई जब बड़ा बाजार पहुंची तो श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह श्रीबालाजी शोभाायात्रा को देखने के लिए बाजार की सड़कों पर एक सैलाब की तरह उमड़ा दिखायी पड़ा, जिसकों लेकर यात्रा के व्यवस्थापकों को भी व्यवस्था बनाने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इस दौरान यात्रा के अन्त में चल रहे रथ पर श्रीबालाजी के दर्शन कर-के प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं में होड़ बनी रही। इस दौरान श्री बालाजी के भव्य रथ के आगे आगे गले में केसरिया पटका धारण किये युवक -ााडू से सड़कों पर सफाई करते हुए श्री बालाजी की जय का उदघोष करते चल रहे थे। बड़ा बाजार से यात्रा इन्दिरा गांधी मूर्ति, घन्टाघर, सरदार पटेल मूर्ति होती हुई देररात्रि जानसठ रोड पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। विशाल शोभायात्रा म्में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़ को संज्ञान में लेकर पुलिस प्रशासन जहां पूर्ण रूप से मुस्तैद बना रहा, वहीं पालिका प्रशासन के तत्वावधान में नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सराहनीय रही। यात्रा के दौरान जहां श्रीबालाजी संगठन के सदस्य सराहनीय योगदान दे रहे थे व धार्मिक व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सहयोगी बने रहे।







## कंपनी बाग में गंदगी को लेकर फूटा लोगों का गुस्सा

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)।** नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते नगर क्षेत्र के मेरठ रोड कंपनी बाग में व्याप्त गंदगी ओर डंपरों की पार्किंग यहां मॉर्निंग वॉक पर आने वाले लोगों की परेशानी का सबब बनती जा रही है, लेकिन तमाम विरोधों के बावजूद कंपनी बाग की समस्या का निदान होता दिखाई नहीं दे रहा। ऐसे में जहां एक ओर यहां घूमने आने वाले परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को गंदगी से आहत हुए लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उत्तेजित लोगों ने विरोध किया। इस बीच पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मौके पर पहुंचे अफसरों को हड़काते हुए इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। शहर के कंपनी बाग में व्याप्त गंदगी को लेकर सुबह-शाम घूमने वाले लोगों में गुस्से का आलम देखते ही बना। बीते कई दिनों से कंपनी बाग में बिजली के तार भी टूटे हुए हैं, वहीं नगरपालिका के डंपरों की पार्किंग से वहां लोगों को घूमने में काफी परेशानी होती है। इन समस्याओं के समाधान की मांग लंबे समय से उठा रहे हैं। मंगलवार को इसे लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने एकत्र होकर कंपनी बाग में कड़ी नाराजगी जताई। इस बीच मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक उमेश मलिक ने नगर पालिका ईओ और नगर स्वास्थ्य अधिकारी को लोगों के बीच में बुलाकर उनसे कंपनी बाग में नियुक्त कर्मचारियों की उपस्थिति का रजिस्टर भी मांगा। अफसरों द्वारा उचित जवाब न दिए जाने पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान कराने व कंपनी बाग की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान चौ.छोटूराम डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश मलिक, शरणवीर सिंह तोमर, नवीन खाटियान, योगेश कुमार एड, ललित शर्मा, श्रवण सर्राफ, कर्मवीर सिंह, प्रो. ईशपाल सिंह, स. शौरण सिंह, अरविंद पंवार समेत बड़ी संख्या में कंपनी बाग में घूमने वाले नागरिक व महिलाएं मौजूद रहीं।

## तीन माह में शिक्षा पर 700 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**लखनऊ, 5 अप्रैल(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा को हर किसी के लिए सुलभ बनाने के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता को सुधारने और इसे रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने आगामी तीन माह में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर 750 करोड़ से ज्यादा के बजट पर खर्च की कार्ययोजना बनाई है। ये धनराशि तीनों ही विभागों में पहले से जारी या नई योजनाओं पर खर्च की जाएगी। इनमें कई योजनाएं केंद्र द्वारा प्रायोजित हैं, जिन पर केंद्र सरकार द्वारा बजट की किस्त जारी होने और प्रदेश सरकार की मंजूरी के बाद व्यय किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेसिक शिक्षा विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर 121 करोड़ रुपए के बजट व्यय की कार्ययोजना बनाई है तो उच्च शिक्षा विभाग ने 20 करोड़ से अधिक राशि के खर्च की कार्ययोजना प्रस्तुत की है। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 600 करोड़ से ज्यादा के बजट की प्राप्ति के आधार पर व्यय का अनुमान जताया है। उल्लेखनीय है कि अपने दूसरे कार्यकाल में सीएम योगी ने समय सीमा में लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी है। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही एक बार फिर सभी विभागों को 3 माह की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी की इसी मंशा के अनुरूप सभी विभागों ने आगामी तीन माह में विभिन्न योजनाओं पर नई मांग के माध्यम से कराए गए बजट के व्यय की कार्ययोजना प्रस्तुत की है।

## गुमशुदा की तलाश

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई सचिन महेश्वरी जिसकी उम्र 46 वर्ष दिनांक 4 अप्रैल 2023 को समय लगभग 6 बजे सायं घर से लापता हो गया है, जिसकी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं है। परिजनों ने सचिन महेश्वरी को सभी सम्भावित स्थानों व रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश किया, लेकिन भाई का कोई सुराग नहीं लगा है।**

***भाई का हुलिया : कद 5 फुट 7 इंच, रंग गेंहूआं, जिस्म दुबला-पतला, नीली शर्ट व क्रीम रंग की पेंट तथा पैरों में हवाई चप्पल*** **पहने हुए हैं।**



**जिस किसी को भी मिले वह कृपया नीचे दिये गये नम्बरों पर कॉल करने की कृपा करें।**

**अचिन महेश्वरी पुत्र स्व. कृष्ण महेश्वरी**

**निवासी : 78, दक्षिण भोपा रोड, नई मण्डी, थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर**

**मोबाइल : 8218636110**

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स का बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा फल शत-प्रतिशत



मुजफ्फरनगर, .5 अप्रैल (बु.)। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बी. कॉम. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा, जिसमें छात्राओं ने अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए प्रथम तीनों स्थानों को अपने नाम किया। रजनी मित्तल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर खुशी राजवंशी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये एवं तीसरे स्थान पर विधि सिंघल ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। इस अवसर पर इन सभी छात्राओं को प्राचार्य द्वारा बी.कॉम. की परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल व सभी शिक्षकों ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उन्नति करने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने इस अवसर पर बताया कि महाविद्यालय में सभी छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उनके सर्वांगिण विकास में सहायक तकनीकी, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है। जिससे की छात्र/छात्राएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सके। वाणिज्य संकाय के डा. नवेद अख्तर, डा. नवनीत वर्मा, डा. मानसी अरोरा, डा. रिंकु एस. गोयल, डा. जगमोहन सिंह जादोन, प्रशान्त, डा. मौ. नदीम, डा. सुरेश चन्द शुक्ला, डा. अजय महेश्वरी, डा. अतुल वर्मा, नुपुर अरोरा, डा. प्राची चौधरी, अमन वर्मा, आशा आदि मौजूद रहे।

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 06 अप्रैल, 2023**

**मेष-** व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, अध्यावसाय की ओर रुझान, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।
**वृषभ-** आ्थक व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, कठिनाइयों का निवारण, उच्चाधिकारियों से लाभ, दाम्पत्य जीवन मधुर, लाभार्जन।
**मिथुन-** स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यक्ति विशेष से हानि की सम्भावना, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, भौतिक सुख में कमी, तनाव की स्थिति।
**कर्क-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, अधिकारियों से आशानुकूल सहयोग, वाद-विवाद का समापन।
**सिंह-** कार्य व्यवसाय में उन्नति हेतु सुपरिचितों से विचार-विमर्श, अधूरी योजना साकार, बकाए धन की प्राप्ति, आपसी सम्बन्धों में सुधार, यात्रा।
**कन्या-** भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, नवयोजना का श्रीगणेश, दूसरों के आश्वासन से मानसिक राहत, परोपकार की भावना जागृत, पूँजी का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त।
**तुला-** अभिलाषा की पूत में व्यवधान, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, प्रतियोगिता में असफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, समस्याओं से अशांति।
**वृश्चिक-** भाग्य उन्नति में सहायक, कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, जटिल समस्या का संतोषजनक समाधान, दाम्पत्य जीवन मधुर।
**धनु-** व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति की दिशा में प्रयास, राजनैतिक कृत्यों की ओर रुचि, आकस्मिक लाभ का सिलसिला, शत्रु असफल, मन प्रसन्न।
**मकर-** समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क।
**कुम्भ-** व्यापारिक पक्ष में निराशा, धन का अभाव, किसी मुद्दे पर तनाव, दूसरों की गलत-फहमी के शिकार, पारिवारिक उलझनें, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका।
**मीन-** कार्य व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरुआत, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, शुभ भावनाओं का उदय, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, मन खुश।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# पंकज मलिक के प्रयासों से 13.92 करोड़ में बनेगी सड़क

## बघरा से चरथावल कस्बे को जोड़ने की योजना को लगे पंख, लोनिवि ने जारी किया बजट



**बधरा से चरथावल थाने के सामने निकलने वाले मार्ग का लोनिवि के नये नियमों के तहत होगा चौडीकरण**

**7.60 किमी. लंबे मार्ग के निर्माण की काफी वर्षों से चल रही थी मांग, दुर्दशा से आवागमन है अभी दूभर**

मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)। चरथावल विधायक पंकज कुमार मलिक के प्रयासों से जल्द ही बघरा से चरथावल कस्बे को जोड़ा जाएगा, जिसके लिए हाल में चरथावल विधायक के प्रस्ताव पर यूपी लोक निर्माण विभाग की बीते 3 मार्च को संपन्न हुई बैठक में स्वीकृति की मुहर लग गई है। सपा से क्षेत्रीय विधायक पंकज मलिक की इस पहल से बघरा व चरथावल कस्बे को जोड़े जाने के साथ ही इससे जुड़े गांवों का उद्धार होगा।

चरथावल विधायक पंकज मलिक ने बताया कि तीन मार्च को उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की बैठक हुई थी। इस बैठक में चरथावल विधानसभा के दो विकास खंडों को जोड़ने वाले मार्ग बघरा से चरथावल तक को स्वीकृति मिली है। सड़क की लंबाई 7.60 किमी रहेगी, वहीं सड़क की चौड़ाई नये मानकों के अनुसार 5.50 मीटर की होगी।

उन्होंने बताया कि इस सड़क पर 13 करोड़ 92 लाख खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि बघरा से कस्बा चरथावल को जोड़ने वाली यह सड़क बघरा, सैदपुरा, अमीरनगर, और खुसरोपुर होते हुए चरथावल कस्बे में थाने तक जाएगी। इसके बनने से आवागमन सुलभ होगा। विधायक पंकज मलिक ने बताया कि इस सड़क को लेकर वें काफी समय से प्रयासरत थे। अब जाकर उन्हें सफलता मिली है।

# पूर्व सभासद राहुल भाजपा में शामिल

## राज्यमंत्री कपिल देव ने अपने कैंप कार्यालय पर दिलाई पंवार को सदस्यता



मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर नगरपालिका परिषद के निवर्तमान सभासद राहुल पंवार ने बुधवारको भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। यूपी सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने गांधीनगर स्थित कैंप कार्यालय में राहुल पंवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। मंत्री कपिल देव ने स्वयं अपने हाथों से राहुल पंवार को पटका पहनाकर व मिठाई खिलाकर भाजपा के परिवार में स्वागत किया। नगरपालिका के वार्ड नंबर-14 भरतिया कालोनी से साल 2017 के निकाय चुनाव में राहुल पंवार सभासद पद पर निर्वाचित हुए थे। वो इस साल भी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। आरएसएस के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद सिंघल, आरएसएस नेता कुलदीप गोयल, डा. महावीर सिंह, विश्वदीप गोयल बिट्टू, ओमकार सिंह, अशोक बाठला, संजय गोयल, ललित कुमार आदि कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

## कैदियों से मिलकर बताये उनके संवैधानिक और विधिक अधिकार, लोक अदालत की दी जानकारी



मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार द्वारा बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा गया और बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान एडीजे एवं सचिव प्राधिकरण अनिल कुमार के द्वारा कैदियों से उनकी समस्याए सुनी गयी तथा कोई भी कानूनी समस्या होने पर अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराने अथवा आवेदन पत्र देने का कथन किया गया। जेलर योगेश कुमार को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के मामले ई-जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित हो सकते हैं, उनकी सूची प्राधिकरण को प्रेषित करें, जिससे उनके मामलों का जेल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों को नियत कर निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने कारागार की पाकशाला, अस्पताल, तथा पुरूष बैरक का निरीक्षण किया और व्यवस्था तथा सुरक्षा को परखा गया। जेलर योगेश कुमार, सुरेन्द्र मोहन सिंह उप कारापाल, कैलाश नारायण शुक्ला उप कारापाल तथा शैलेन्द्र कुमार राही आदि भी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि 13 मई द्वितीय शनिवार को दीवानी न्यायालय व वाहय न्यायालय बुढ़ाना, कलक्ट्रेट में किया जायेगा, जिसमें आपराधिक, 138 एनआई एक्ट, बैक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा।

# डीएवी कॉलेज में आज प्रात: 9 बजे से होगी बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

**मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)। डीएवी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय सेमेस्टर चित्रकला विषय के छात्र-छात्राओं की दिसम्बर 2022 की प्रयोगात्मक परीक्षा चित्रकला विभाग कक्ष संख्या 21 व 22 में 6 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इस सम्बंध में विभाग अध्यक्ष ने बताया कि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अंतर्गत बीए प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा प्रात: 9 बजे से होगी। वहीं बीए तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 8 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रवेश पत्र व अन्य सभी जरुरी सामग्री के साथ वेशभूषा में ही छात्र-छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश दिलाया जा सकेगा।**

# एडीएम ने दवा व्यापारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध योजना के तहत दिए गये सख्त दिशा और निर्देश



मुजफ्फरनगर, 05 अप्रैल (बु.)। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी के निर्देशन में बुधवार को एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के दवा व्यापारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के सभी दवा विक्रेताओं को एडीएम प्रशासन के द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि कोई दवा विक्रेता भविष्य में बिना लाइसेंस के दवाई व प्रतिबन्धित दवाईयों को न बेचे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ संबन्धित विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के आदेश दिए।

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में दवा व्यापार से जुड़े कारोबारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एक युद्ध नशे के विरुद्ध योजना के अंतर्गत जनपद में प्रतिबंधित दवाईयों की बिक्री न करने का आह्वान किया। इस दौरान औषधि निरीक्षक पवन शाक्य ने दवा व्यापारियों से शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किए जाने की बात कहते हुए जनपद में नशे के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान दवा व्यापारियों से जुड़े पदाधिकारियों में मुख्य रूप से रविन्द्र चौधरी, रविन्द्र निर्वाल, सुभाष चौहान, दीपक अग्रवाल, आरके गुप्ता, बिजेन्द्र शर्मा, प्रमोद मित्तल, अक्षय मित्तल, ओम दत्त आर्य, कमल जीत सिंह आदि समेत अनेक दवा व्यापारी मौजूद रहे।

# मथुरा शाही ईदगाह के अमीन सर्वे पर अब कोर्ट का स्टे



मथुरा, 5 अप्रैल (एजेंसी)। श्री कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह मामले में मथुरा कोर्ट ने बुधवार को अहम ऑर्डर सुनाया। शाही ईदगाह के अमीन सर्वे का कोर्ट ने आदेश दिया था। मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दी। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि गलत तथ्य पेश कर ऑर्डर कराए गए थे। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अगले आदेश तक अमीन सर्वे पर रोक लगा दी। अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी।














समस्त जनपद वासियों को
श्रीबालाजी जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN 2023-24 | Play, Nursery, Jr. K.G., Sr. K.G.
KIDZEE
INDIA'S FAVOURITE PRESCHOOL
PREMPURI
Near Jain Aushdaliya, Muzaffarnagar
Contact : 7017738280
9837030666
डॉ. आशुतोष शर्मा
सह संयोजक, व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा
शालिनी शर्मा
जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा


!! जय श्री बालाजी महाराज !!
मनोजवं मारूततुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतम् शरणं प्रपद्ये।।
बल, बुद्धि एवं ज्ञान के भगवान, संकटमोचन हनुमान आप सभी के कष्टों एवं बाधाओं को दूर कर सुखी एवं निरोग जीवन प्रदान करें।
समस्त जनपदवासियों को
हनुमान जयंति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
रघुराज गर्ग
मोहित गर्ग
श्रवण गर्ग
सरल फर्टिलाईजर्स प्रा. लि.
मुजफ्फरनगर


सभी जनपदवासियों को
हमारी ओर से
श्रीबालाजी जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद राज शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
सुधा राज शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेत्री


सभी जनपदवासियों को
हमारी ओर से
श्रीबालाजी जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
संकट कटे मिटे सब पीरा
जो सुमिरै हनुमत बलबीरा
गौरव त्यागी
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
अरविंद त्यागी
शाहपुर ब्लॉक प्रमुख